# भगवा ध्वज | By Sumitra Banerjee

राम की सेना का बन कर के नायक सेना की हिम्मत बढ़ाते हैं
हाथों में लेकर बजरंग बली भगवा ध्वज लहराते हैं
राम की सेना का बन कर के नायक....................

लंका पे करने को चढ़ाई राम जी की सेना चली है
अगुवाई बानरों की करते देखो चले बजरंग बली है
यही चले मन में ठाने मैया सीता जी को लाने जोश ए जूनून में सभी
देख के उत्साह सेना की अपने राम लखन मुस्काते हैं
राम की सेना का बन कर के नायक सेना की हिम्मत बढ़ाते हैं

सुग्रीव नल नील भी विजय लक्ष्य अपने मन में लेकर
चलते सभी शान से साहस एक दूजे को देकर
लक्ष्य एक ही है यही बात मिल के सब ने कही तोड़ेंगे घमंड रावण का
ललकार सुन के राम जी की सेना का राक्षस सभी घबराते हैं
राम की सेना का बन कर के नायक सेना की हिम्मत बढ़ाते हैं

खुश होके सारे देवता हैं फूलों की वर्षा करते इन पर
नंगे पाँव प्रभु राम के मिलके सभी चूमते हैं कंकर
दृश्य बड़ा पावन है अति मन भावन है , धरती की जय घोष से
जय श्री राम का विजय जैकारा कुंदन सब मिलके लगाते हैं
राम की सेना का बन कर के नायक सेना की हिम्मत बढ़ाते हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%97%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%a7%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%9c-by-sumitra-banerjee/